जांच | जांच करने पहुंचे शिक्षा अधिकारी के सामने शिक्षक ने स्वयं स्वीकारी गलती

# ग्रामीणों ने स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के सामने चुप्पी तोड़ी

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा।** विगत 15 अगस्त को प्राथमिक शाला विजोरा में ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज ना उतारने दो दिन बाद 17 अगस्त को एक महिला के माध्यम से ध्वज उतरवाये जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। यह विषय सोशल मीडिया के साथ प्रिंट मीडिया ने प्रमुखता से लिया जिसे लेकर 18 अगस्त को विकास खंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य के साथ मौके पर पहुंचे और स्कूल पहुंचे गांव वालों के बीच वस्तु स्थिति का जायजा लिया।



## पंचनामा बनाकर ले गये, होगी कार्रवाई

स्वयं दोषी प्रधान पाठक नरेश कुमार मेहरा ने कुछ कारण को बताते अपनी गलती को भी स्वीकार कर लिया है लेकिन मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने स्कूल की अव्यवस्थाओं की अधिकारियों के सामने चुप्पी टूटी और व्याप्त विसंगतियों को उजागर कर दिया। मौके पर पहुंचे विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी ने स्पष्ट किया कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विषय जब सामने आया वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मिले दिशा निर्देश के उपरांत बिलहरा संकुल प्राचार्य को साथ लेकर यहां पर आये है। निश्चित तौर पर यह विषय काफी गंभीर है और ग्रामीण तथा बच्चों के पालकों द्वारा जो भी बताया जा रहा है। शिक्षक की गतिविधियों से लगभग हर वर्ग परेशान हैं। पंचनामा बनाकर उपस्थित पक्षों के कथन लेकर वस्तु स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा जो भी तथ्य निकलकर सामने आयेंगे उस आधार पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## 11 बच्चों में उपस्थित मिले 5 बच्चे

जांच के दौरान एक और विषय सामने निकल कर आया है कि यहां पर कुल 11 बच्चे ही दर्ज हैं। लेकिन मौके पर मात्र पांच बच्चे ही स्कूल में उपस्थित मिले। सोचनीय विषय तो यह सामने आया कि यहां पर कक्षा पहली दूसरी और चौथी कक्षा में एक भी छात्र नहीं है। कक्षा तीसरी में पांच और कक्षा पांचवीं में छ बच्चे दर्ज हैं। विसंगति के बीच विसंगति पूर्ण स्तिथि यह और सामने आई कि यहां पर सभी छात्र एक साथ साथ बैठते हैं।दो शिक्षक पदस्थ हैं। केवल एक ही शिक्षक नियमित रूप से आते हैं।वही पढ़ाते हैं। वाकी आंगनवाड़ी भी इसी प्राथमिक शाला में लगा करती है। जांच पड़ताल के दौरान मध्यान्ह भोजन का भी विषय सामने निकल कर आया यहां पर उपस्थित बच्चों को केवल सब्जी रोटी ही आती है।

## पढ़ते है मजदूरों के बच्चे

चटनी की तरह मिलती है सब्जी मीनू के हिसाब से भोजन नहीं आता बल्कि सब्जी छोटे से डिब्बे में आई थी जो चटनी की तरह बट जाती है। एक और विषय सामने यह निकलकर सामने आया है कि यहां पर केवल गरीब मजदूरों के ही बच्चे पढ़ते हैं। पहले 28 बच्चे अध्ययन किया करते थे लेकिन विसंगति पूर्ण स्थिति के चलते लोगों ने अपने अपने बच्चों को यहां से निकाल लिया है। ग्रामीण तथा बच्चों के पालकों द्वारा जो भी बताया जा रहा है निश्चित तौर पर यह विषय काफी गंभीर है। सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि एक तरफ शासन अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए आये दिन नित नई योजनाओं के माध्यम से शाला भेजने प्रेरित कर रही है और यहां बच्चों को स्कूलों से बाहर निकाल रहें।

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला बैठक

**करेली।** प्रांत बैठक के बाद विश्व हिंदू परिषद जिला नरसिंहपुर की बैठक जिला अध्यक्ष खुमान सिंह पटेल की अध्यक्षता में डीएम पैलेस करेली में प्रांत बैठक में लिए गए निर्णय और वर्ष भर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रमों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष महेंद्र चौहान द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले में युवा नशे के आदी होते जा रहे हैं।



युवा नशे की लत के आदि होकर अपना और अपने परिवार को बर्बाद कर रहे हैं। चौहान ने प्रशासन को चेतावनी दी की गांव-गांव में जो अवैध मादक पदार्थ बिक रहे हैं अगर उनको जल्द से जल्द बंद नहीं कराया गया तो जिले में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी। जिस तरह भोपाल में प्रशासन द्वारा मछली को पकड़ा है जो की ड्रग्स माफिया हैं, जिसके तार पूरे भारत देश में और विदेश में जुड़े हुए हैं, नरसिंहपुर जिले में भी बड़ी-बड़ी मछलियां है जो की ड्रग्स का व्यापार कर रहे हैं। जल्द से जल्द उनको बेनकाब किया जाएगा। प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख मनीष पाठक ने कार्यकर्ता को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के उद्देश्यों के बारे में बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना आरएसएस के सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर की अध्यक्षता में सन् 1964 में मुंबई की संदीपनी आश्रम में एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध धर्म के कई प्रतिनिधि की मौजूदगी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की स्थापना हुई। इस संगठन का उद्देश्य हिंदू समाज को मजबूत करना, हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा करना संवर्धन और प्रचार प्रसार करना है। पाठक के उद्बोधन के बाद जिला मंत्री रामकुमार पटेल के द्वारा जिले के सातों प्रखंडों में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की घोषणा की गई और अंत में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष खुमान सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमें पूरी शक्ति के साथ एकजुट होकर हिंदुत्व की रक्षा के लिए कार्य करना है। कार्यक्रम में प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख मनीष पाठक, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, जिला मंत्री रामकुमार लोधी जिला कोषाध्यक्ष महेश चौरसिया, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राधे साहू, जिला सह मंत्री गोपी रजक, धनंजय तिवारी जिला संयोजक अभिषेक पटवा, जिला सह संयोजक कार्तिक नेमा जिला बलोउपासना प्रमुख शिवप्रसाद धानक जिला गोरक्षा प्रमुख संदीप पटेल, जिला विशेष संपर्क प्रमुख वीरेंद्र मेहरा जिला धर्म यात्रा महासंघ प्रमुख दिनेश पटेल जिला सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील जैन जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख वीरेंद्र सोनी प्रखंड करेली अध्यक्ष कैलाश पटेल, प्रखंड अध्यक्ष गोटेगांव खुमान पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मंडलम सेक्टर के अध्यक्षों की बैठक

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा द्वारा मण्डलम सेक्टर कांग्रेस अध्यक्षों एवं पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक पूर्व विधायक कार्यालय राजमार्ग पर आयोजित की गई। जिसमें संगठनात्मक अनेक विषयों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा की गई । बैठक में पूर्व विधायक संजय शर्मा नरेन्द्र राजपूत ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल सहित सभी मण्डलम सेक्टर अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

# दलदल भरे रास्ते से जाना पड़ रहा मुक्तिधाम

**नरसिंहपुर।** बरसात के मौसम में गांवों की दुश्वारियां एक बार फिर उजागर हुई, जब नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा क्षेत्र के चावरपाठा जनपद अंतर्गत सूखा डिघसरा गांव में एक युवक की अंतिम यात्रा दलदल भरे रास्ते से गुजरी। रविवार को गांव के युवक नीरज पटेल का निधन हो गया।



परिजन और ग्रामीणों को गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित मुक्तिधाम तक शव ले जाना पड़ा, लेकिन पूरी राह कीचड़ और पानी से भरी थी। ग्रामीण कांधे पर अर्थी उठाए हुए हर कदम पर फिसलन से जूझते रहे। डर यह था कि कहीं पैर फिसल न जाए और अर्थी गिर न पड़े। यह नजारा गांव की बदहाल व्यवस्था और शासन-प्रशासन की अनदेखी को उजागर कर रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार हालात ऐसे हो जाते हैं कि शवयात्रा को मुक्तिधाम तक ले जाना नामुमकिन हो जाता है और मजबूरी में सड़क किनारे ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। कई बार तो आसपास के खेत मालिकों से जगह मांगनी पड़ती है। यह समस्या हर साल सामने आती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है। गांव के लोगों ने बताया कि यही रास्ता कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह के गांव की ओर जाता है और उनके खेत-खलिहान भी इसी मार्ग पर पड़ते हैं। गर्मी या सूखे मौसम में यह रास्ता उपयोगी रहता है, लेकिन बारिश आते ही दलदल बन जाता है और शवयात्रा भी कठिन हो जाती है। चावरपाठा जनपद अध्यक्ष सोबरन सिंह ठाकुर ने घटना पर खेद जताया। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं देखा कि सूखा डिघसरा गांव में अंत्येष्टि को ले जाने वालों को कितनी परेशानी उठानी पड़ी। बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। मैं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से बात करूंगा और जहां-जहां मुक्तिधाम तक जाने वाले रास्ते कमजोर हैं, उनके दुरुस्तीकरण की मांग करूंगा।



# झौंतेश्वर अस्पताल शुरू होने का आदिवासी कर रहे इंतजार

**गोटेगांव।** समीपवर्ती परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर में 20 साल से अधिक समय से सरकारी अस्पताल खुलने के लिए भवन का निर्माण हो चुका है। यह भवन बिना उपयोग के भी अस्त व्यस्त हो चुका है। इस भवन में 30 बिस्तर का अस्पताल खोलने के लिए विधायक महेन्द्र नागेश के प्रयास से स्वास्थ्य मंत्री ने मंजूरी प्रदान की है। मगर यह अस्पताल भवन कब खुल पाएगा और इसके जरिए यहां के आदिवासियों को कब से स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होने लगेगी, इस संबंध में कुछ स्पष्ट नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार ने अवश्य उक्त भवन में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की घोषणा की है, यहां के आदिवासियों ने विधायक से अपेक्षा की है कि वह जल्द ही झौंतेश्वर के निर्मित भवन में स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराने की दिशा में पहल करें।

## एक नजर में



### प्रियंका और भैयाराम करेंगे जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व

**साईखेड़ा।** भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्य स्तर से लेकर विकासखंड स्तर तक विभिन्न विषयों पर आधारित शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। सांदीपनि विद्यालय साईखेड़ा में आयोजित विकासखंड स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में प्रियंका अग्रवाल और भैयाराम अहिरवार का चयन किया गया। जबकि ब्रजबाला मालवीय और आनंद राजपूत ने अच्छे प्रदर्शन से श्रोताओं पर प्रभाव डाला। जिला स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में चयनित शिक्षक नरसिंहपुर जिला का प्रतिनिधित्व राज्य में जाकर करेंगे। चयनित शिक्षकों को संस्था प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



### मनीराम मेहरा हुए सम्मानित

**गाडरवारा।** गत दिवस जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में जनपद शिक्षा केंद्र साईखेड़ा के बीएसी मनीराम मेहरा को जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल कलेक्टर शीतला पटले एवं जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय हैं कि मेहरा को उक्त प्रशस्ति पत्र शैक्षणिक गुणवत्ता में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रदान किया गया है। मेहरा को सम्मानित किये जाने पर शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई हैं।

### यातायात प्रभारी अधिकारी ने की चालानी कार्यवाही

**तेंदूखेड़ा।** स्कूली छात्र छात्राओं को स्कूल लाने ले जाने के दौरान अधिकृत वाहनों में आवश्यक सुरक्षा और नियमों को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को यातायात प्रभारी अधिकारी श्रीमती ममता तिवारी के द्वारा तेंदूखेड़ा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया जिसके तहत स्कूल के समय आवश्यक सुरक्षा उपकरण तथा वाहनों की फिटनेस वाहनों के कलर फिटनेस और फिर नंबर प्लेटों के कलर नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एक चालान फिटनेस का पांच हजार समन शुल्क तथा एक नंबर प्लेट का समन शुल्क पांच सौ रुपए के अर्थदंड वसूला गया ।बाहन चालकों को हिदायत दी गई है कि सभी बाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। माननीय कलेक्टर महोदया ने भी बगैर हेलमेट बाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ना देने संबंधी आदेश भी जारी किए गए हैं।

## दो दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में लंबित पेंशन के प्रकरणों के निराकरण के लिए 19 एवं 20 अगस्त को दो दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन जिला पेंशन कार्यालय नरसिंहपुर में किया जाएगा। जिला पेंशन अधिकारी नरसिंहपुर ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि समीक्षा के दौरान पाया जा रहा है कि विभिन्न कार्यालयों में प्रकरण लंबित हैं, जो अभी तक जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत ही नहीं किए गए हैं या सुधार के लिए वापिस किए गए प्रकरणों को सुधार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया है। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन/ परिवार पेंशन प्रकरणों का निराकरण कर लंबित प्रकरणों की संख्या को शून्य किया जाना है।




# देशभक्ति की उमंग में डूबा यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल


**गोटेगांव।** यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्र म का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद पटेल द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियों जैसे विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनसे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर छात्र संसद का गठन किया गया, जिसमें स्कूल प्रीफेक्ट के रूप में जयश्री राजपूत, उप कप्तान के रूप में दीक्षा कुशवाहा, रेड हाउस कैप्टन कृष्णा राजपूत, ग्रीन हाउस कैप्टन कौशल्या प्रजापति, ब्लू हाउस कैप्टन शरद पटेल एवं यलो हाउस कैप्टन यशपाल पटेल को चयनित किया गया। साथ ही विभिन्न पदों पर भी छात्र संसद के सदस्यों का चयन हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद पटेल ने सभी को 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करने का आह्वान

# मेहरा समाज महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह हुआ

**गाडरवारा।** विगत दिवस राजवंश होटल गाडरवारा में आयोजित मेहरा समाज महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झरिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एम के दास, प्रांतीय अध्यक्ष बाल दास दरिया एवं कमला बुआ उपस्थित रही द्य राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झरिया के द्वारा मानसिंह मेहरा को जिला अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

इसी के साथ अधिवक्ता गोपाल प्रसाद मेहरा ने उपाध्यक्ष, नारायण प्रसाद मेहरा महासचिव, नर्मदा प्रसाद मेहरा संयुक्त सचिव, दशरथ मेहरा कोषाध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी के परिवार सिंह मेहरा, हरीश मेहरा, पंचम मेहरा, अमित मेहरा, आकाश मेहरा, रेशम सिंह मेहरा आदि ने शपथ ली द्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मानसीग मेहरा ने कहा कि समाज को भारत के संविधान द्वारा प्रदायअधिकारों के प्रति जागरूक करना है तथा मताधिकार का प्रयोग सही तरीके से करने के लिए भी तैयार करना है द्य खेमराज झारिया ने बताया की नरसिंहपुर जिले में मेहरा समाज की संख्या 235000 है यदि सही तरीके से मतदान करने लगे तो सभी राजनीतिक दल हमारी अपेक्षा नहीं कर पाएंगे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने भवन निर्माण के विषय में बताया बाल दास डेहरिया ने कानूनी जानकारी प्रदान की। कमला बुआ ने महिलाओं को संगठन के साथ जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष दशरथ डेहरिया ने आभार व्यक्त किया और सफल कार्यक्रम की बधाई दी। इस दौरान अनेकों सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



# बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर दी शानदार प्रस्तुति

## यू मॉर्डन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**गाडरवारा।** आजादी के अमृतमहोत्सव 15 अगस्त को देश का 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें जगह जगह देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन किए गए जिसमें कौड़ियां रोड गाडरवारा चिराहखुर्द में संचालित न्यू मॉर्डन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के द्वारा 15 अगस्त पर शानदार कार्यक्रम करवाकर आजादी का जश्न मनाया गया न्यू मॉर्डन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

जिसमें पहलगांव में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमारे देश की सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था जिसमें आतंकवादियों को मार गिराया था उस पूरे घटनाक्रम को बच्चों ने महज 10 मिनट के कार्यक्रम में प्रतुत करके दिखाया उपस्थित सभी अतिथियों पालकों एवं ग्रामीणों के द्वारा स्कूल प्रबंधन एवं बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की जमकर तारीफ की आयोजन में उपस्थित अतिथि बाबू जी कौरव, एड, गोपाल मेहरा, पत्रकार रजनीश कौरव,यशवंत कौरव भुवन लाल कौरव मौजूद रहे कार्यक्रम में एंकरिंग टीचर जतिन नाइक एवं सुहानी विश्वकर्मा के द्वारा की गई एवं आयोजन में स्कूल के सभी शिक्षक आरती नौरिया रश्मि शर्मा राजेश्वरी विश्वकर्मा निकिता रजक अंजली विश्वकर्मा अच्छी मेहनत की की अंत में सभी का आभार स्कूल प्रिंसिपल शंकर सर के द्वारा किया गया।

## बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा

**नरसिंहपुर।** जिले के अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति के संदर्भ में यह तथ्य संज्ञान में लाया गया कि दो पहिया वाहनों के वाहन चालकों को बार- बार विभिन्न माध्यमों से जागरूक किए जाने के बाद भी उनके द्वारा नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। यदि दो पहिया वाहन चलाते समय चालक द्वारा हेलमेट लगाए जाएं, तो निश्चित ही सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में कमी लायी जा सकती है। इस संबंध में समय- समय पर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मप्र मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 में प्रावधान है कि प्रत्येक दो पहिया वाहन सवारी तथा वाहन चालक अनिवार्य रूप से ISI Marked Helmet (शिरस्त्राण) पहनेगा। स्पष्टत: इस प्रकार बिना हेलमेट धारण कर दो पहिया वाहन चालकों द्वारा जब सार्वजनिक मार्गों पर सफर किया जाता है।



# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति चुनाव हुए

**गोटेगांव।** विगत दिवस श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में कार्यकारिणी समिति के चुनाव में हुए मतदान में दिनभर जमकर गहमागहमी बनी रही। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति चुनाव में कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया। इनमें से 11 विजयी प्रत्याशियों की समिति बनेगी। मुख्य चुनाव अधिकारी एन.सी जैन सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल चंद जैन एवं अंकित जैन ने बतलाया कि कुल मतदाता 254 है। मतदान में 246 मतदाताओं ने अपना मतदान कर आने वाले तीन वर्षों के लिए मंदिर समिति की जिम्मेदारी नव निर्वाचित 11 सदस्यों को दी। चुनाव में पूरी पारदर्शिता रखते हुए मतदान के बाद आठ राउंड तक हुई मतगणना के उपरांत विकास बड़कुर, पंकज जैन अनुपम माल, चक्रेश जैन , पंकज जैन रामनिवारी, सचिन चिन्नू , डा.अनिल जैन, दीपक सेठ, सचिन टीटू, संदीप जैन विद्या, सिघंई संजय जैन, एवं संजय जैन अरिहंत, को विजयी घोषित किया।